अनुपूरक सूची तैयार करने के लिए मिला प्रशिक्षण, त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए दिए गए टिप्स

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज अनुपूरक सूची तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया! और त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए टिप्स दिए गए! दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद इसका निराकरण 13 मार्च तक किया जाएगा! दावा-आपत्ति के दौरान प्राप्त हुए फार्म क ए एवं बी , फार्म ख, फार्म ग एवं फार्म क- 1 की सॉफ्टवेयर में एंट्री की जा रही है ताकि अनुपूरक सूची तैयार किया जा सके! प्रशिक्षण में फार्म को बारीकी से अवलोकन करते हुए सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि के निर्देश दिए गए हैं , इसके मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों को लगाया गया है! कंप्यूटराइजेशन संबंधी तकनीकी कार्य के लिए तपन अग्रवाल, दीप्ति साहू, दिलीप कुमार कुर्वे एवं देव प्रकाश साहू तथा कार्य के सुपरविजन के लिए विद्याधर देवांगन , वामन राव, मीना चंद्राकर, कुमुदिनी शर्मा, प्रकाश गड़पायले, अर्पणा क्षीरसागर एवं ओम प्रकाश दुबे को नियुक्त किया गया है! विधानसभा की मतदाता सूची में सतत अद्यतीकरण के दौरान ऑनलाइन आवेदन कर नाम जुड़वाने वाले ऐसे लोग जो दावा-आपत्ति के दौरान फार्म भरने से छूट गए हैं वह फार्म क-1 में 13 मार्च तक भिलाई निगम मुख्यालय के कक्ष क्रमांक 26 में सीधे आवेदन कर सकते हैं!